कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

दिनांक–19.06.2017

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त,
उत्तरकाशी,उत्तराखण्ड़।

विषयः– जनपद–उत्तरकाशी में नौगांव के अन्तर्गत, बड़कोट तिलाड़ी हल्का वाहन मोटर मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तन करना एंव डामरीकरण कार्य हेतु।
FP/UK/ROAD/10386/2015

महोदय,

प्रश्नगत प्रकरण पर भारत सरकार द्वारा दी गयी बिन्दुओं पर सूचना माँगी गई थी। परन्तु आपके स्तर से उन इन बिन्दुओ के स्थान पर कुछ और ही सूचना आनलाईन इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। इस समबन्ध में सूचित करना है कि प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पार्ट ।। में सही सूचना अपलोड़ करे बिना ही प्रस्ताव को अग्रसारित किया जा रहा है। जिसके क्रम में उक्त प्रकरण को इस कार्यालय द्वारा सूचना पूर्ण रूप से दिये जाने हेतु इस कार्यालय द्वारा बार बार वापस लोटाया जा चुका है। परन्तु फिर भी न तो प्रयोक्ता एजेन्सी/प्रभागीय वनाधिकारी एवं आपके द्वारा इस और ध्यान न देकर मात्र एक औपचारिक्ता निभाते हुए सूचना इस कार्यालय का अग्रेसारित की जा रही है। इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है, कि भारत सरकार द्वरा ऐसे प्रकरणों की सूचना पूर्ण रूप से उपलब्ध न कराये जाने के कारण प्रकरणो को वापस लौटाया जा रहा है।

अतः भविष्य में यह सुनिचित किया जाए की भारत सरकार/इस कार्यालय द्वारा वान्छित बिन्दुओं की पूर्ण बिन्दुवार सूचना उपरोक्त उलिखित के अनुसार ही इस कार्यालय अग्रसारित करने का कष्ट करे। भारत सरकार द्वारा वान्छित सूचना पुनः संलग्न की जा रही है।

SR.No	भारत सरकार द्वारा लगायी गई आपत्ति	प्राप्त आपत्ति निराकरण के जॉच के बाद पायी गयी कमियॉ
1	The proposal mentions that the proposal is not likely to generate any employment. This seems unlikely and may be reviewed.	उक्त आपत्ति के क्रम में प्रस्तावक विभाग द्वारा employment generated details में Permanent/Regular Employment की सूचना नही है। भारत सरकार द्वारा वांछित पूर्ण विवरण की सूचना स्पष्ट रूप से यथास्थान अपलोड़ की जाये।
2	The note containing justification for locating the projects in forest land does not specify the justification of the particulat proposal.	उक्त आपत्ति के क्रम में प्रस्तावक विभाग द्वारा justification for locating the projects in forest land में बतायी गयी सूचना अपलोड़ नही है।
3	The area propose for diversion, when seen on google earth, seems to have exisiting road. It may be explained if diversion of this land under forest (conservation) Act was sought before construction of the existing road.	उक्त आपत्ति के क्रम के निराकरण में प्रस्तावक विभाग द्वारा पत्र Enclosure में दिया गया है। कृपया पत्र enclosure के स्थान पर Form A में अपलोड़ करना सुनिश्चित करें।
4	The FRA certificate of DM states the date of meetings of DLC as 09-12-2014 while the Gram Sabha date has been mentioned as 19-01-2015. The meeting of DLC could not have proceeded the Gram Sabha meeting. This may be reviewed.	उक्त आपत्ति के क्रम में प्रस्तावक विभाग द्वारा FRA में बतायी गयी सूचना पूर्ण नही है। आपके द्वारा पूर्ण गॉव का विवरण तथा गॉव की उपस्थिति का पत्र FRA में संलग्न नही है। भारत सरकार द्वारा वांछित पूर्ण विवरण की सूचना स्पष्ट रूप से यथास्थान अपलोड़ की जाये।